# धंसक रहा 6 करोड़ रुपये से बना ओवरब्रिज

## दोनों तरफ की रेलिंग हुई आड़ी, गड्ढों बने हादसों का कारण

अदनान खान

**सलामतपुर,1 मार्च. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे-18 पर स्थित सलामतपुर रेलवे फाटक पर बनाया गया ओवरब्रिज 12 साल में ही धंसक रहा है. पुल के दोनों ओर की रेलिंग आड़ी हो गई. फुटपाथ भी कई जगह से टूट गया है. वहीं ब्रिज के दोनों तरफ लगभग 6 सौ मीटर एरिया के बीच में 8 से 10 इंच गहरे गड्ढे हो गए हैं. जिसमें दो पहिया वाहनों के साथ साथ चार पहिया वाहनों के टायर फंस जाते हैं. जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है.**



बीते सात वर्षो में एक दर्जन से अधिक लोग ब्रिज पर दुर्घटना के कारण काल के गाल में जा चुके हैं. ब्रिज के पिलर भी धीरे-धीरे धंसक रहे हैं. जिससे ब्रिज में दरार बढ़ती जा रही हैं. इस ब्रिज का निर्माण वर्ष 2011 में मध्य प्रदेश ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा 6 करोड़ की लागत से कराया गया था. यह ब्रिज 2013 में बन कर तैयार हुआ था. बनने के साथ ही यह विवादों में आ गया था. ब्रिज कॉरपोरेशन के तत्कालीन एसडीओ जो अब सेवानिवृत हो चुके हैं को आपत्ति थी की जिस एरिया में ब्रिज बनाया जा रहा है. वह क्षेत्र ब्लैक कॉटन स्वाइल क्षेत्र है. ब्रिज के पिलर की गहराई कम रखी गई है. पुल धीरे-धीरे धंसक जाएगा. लेकिन ब्रिज बना रहे ठेकेदार जो तत्कालीन केंद्रीय मंत्री के खासम खास थे के ऊंचे रसूख के चलते तत्कालीन एसडीओ की नहीं सुनी गई तो उन्होंने दुखी होकर अपना स्थानांतरण करा लिया था. पिछले 12 सालों में एमपीआरडीसी कई बार ओवरब्रिज की मरम्मत करा चुकी है. लेकिन अब फिर ब्रिज में गहरे गड्ढे होने के साथ ही दोनों और कि रैलिंग भी टेढ़ी होकर धंसक रही है. आलम यह है की ब्रिज पर इतनी दुर्घटना होने लगी हैं कि कई झोलाछाप डॉक्टरों व अस्पतालों ने तो ब्रिज पर लिखवा दिया था कि दुर्घटना होने पर संपर्क करें. जिसे विभाग ने पुतवा दिया.

### कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

यह ब्रिज दिल्ली-मुंबई मेन रेलवे ट्रैक के उपर बना हुआ है. जिस पर से हर चार मिनट में ट्रेन निकलती हैं. किसी दिन कोई वाहन दुर्घटना ग्रस्त होकर नीचे से निकल रही ट्रेन पर गिर सकता है. जिससे बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नही किया जा सकता. अब तो खतरा और बढ़ गया है क्योंकि ब्रिज की रेलिंग ही धंसक कर आड़ी हो गई है.

### इनका कहना है .

रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य घटिया स्तर का किया गया था. जिसकी वजह से कुछ साल में ही ओवरब्रिज में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और रेलिंग भी धंसक कर आड़ी हो गई है. इसी कारण ब्रिज पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.

**रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच राताताई.

बनने के कुछ समय बाद ही ब्रिज में दरारें आ गईं थी. इस मार्ग पर यातायात का बहुत अधिक दवाब रहता है. ब्रिज के दोनों और की रेलिंग पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई है. वहीं गड्ढों में बाइक का टायर घुस जाता है. जिसकी वजह से चालक गिर कर घायल हो रहे हैं.

**वहीद खान,** भोपाल.

मैं सलामतपुर से भोपाल मोटरसाइकिल से जाता हूं. ब्रिज पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के साथ ही साइडों से ब्रिज टूट गया है. और रेलिंग भी झुक गई है. यहां से निकलने में जान का खतरा लगता है.

**सुरेंद्र मेहरा,** अध्यक्ष बेरोजगार मजदूर संगठन सलामतपुर.

### ओवरब्रिज में बढ़ रहा है गेप

खोहा के सरपंच कालूराम मीणा ने बताया की ओवरब्रिज की सड़क के बीच में बड़े-बड़े गड्ढे फिर से हो गए हैं. और पुल धीरे-धीरे धंसक रहा है. और गड्ढों में वाहन का टायर फंस जाता है. यात्रियों की मोटरसाइकिल भी कई बार गड्ढों में फंस चुकी है. ग्राम गाडरखेड़ी के यशवंत राजपूत, सलामतपुर के कैलाश गोस्वामी, अशोक त्रिपाठी, मयंक साहू, दीपक अहिरवार, हसन मंसूरी, अमित विश्वकर्मा आदि का कहना है कि पुल के निर्माण में लापरवाही बरती गई है. समय रहते ध्यान नही दिया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है.



# भोजपुर मंदिर में जोड़े को वरमाला से रोका

▸ सुरक्षाकर्मी बोले- अनुमति जरूरी, वीडियो वायरल

**रायसेन, 1 मार्च. रायसेन जिले के विश्व प्रसिद्ध भोजपुर शिव मंदिर में एक नवविवाहित जोड़े को वरमाला की रस्म करने से सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ते जा रहा है.**

वीडियो में युवक खुद को भूपेंद्र शर्मा बताते हुए कह रहा है कि वह विधिवत विवाह के बाद केवल दो मिनट के लिए मंदिर में वरमाला की रस्म और भगवान के दर्शन करने पहुंचा था, लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने उसे यह कहते हुए रोक दिया कि इसके लिए अनुमति लगती है. युवक का आरोप है कि बिना किसी स्पष्ट कारण के उसे मंदिर परिसर में रस्म करने से मना कर दिया.

इधर, मंदिर के पुजारी अनूप गिरि ने बताया कि मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधीन संरक्षित स्मारक है, इसलिए किसी भी प्रकार के आयोजन या रस्म के लिए संबंधित विभाग से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन संरक्षित स्मारक होने के कारण नियमों का पालन जरूरी है. पुरातत्व विभाग के अधिकारियों का भी कहना है कि संरक्षित स्मारकों में बिना अनुमति किसी भी प्रकार का आयोजन, शूटिंग या विशेष धार्मिक अनुष्ठान नहीं किया जा सकता. नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई का प्रावधान है.

### एक नजर में




## हिंगलाज मंदिर से चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायसेन, 1 मार्च.** रायसेने जिले के बाड़ी में प्रसिद्ध हिंगलाज माता मंदिर में हुई चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है .22-23 फरवरी की दरमियानी रात में मां हिंगलाज माता मंदिर में अज्ञात आरोपी द्वारा गेट का ताला तोड़कर दान पेटी से नगदी राशि एवं माता जी के चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए थे . फरियादी मंदिर के गुरूजी रविंद्रकुमार चौबे की रिपोर्ट पर थाना बाड़ी में केस दर्ज किया गया था . मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश की गई . आरोपी जितेंद्र उर्फ जतिन उर्फ कान्हा सिकलीगर (बग्गा) पिता सागर सिंह निवासी द्वारिकापुरी आकाश नगर, जिला इंदौर, हाल निवासी ग्राम सतवास, जिला देवास को गिरफ्तार किया गया .चोरी किया गया सामान एवं नगदी जब्त कर आरोपी को न्यायालय बरेली में पेश किया . आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में चोरी, नकबजनी, लूट एवं मारपीट के कुल 15 प्रकरण पंजीबद्ध है . उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, उपनिरीक्षक संजय यादव, विनीता विश्वकर्मा, सउनि . मोहन यादव, जे.पी . वर्मा, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र, लक्ष्मीप्रसाद मालवीय, प्रेमसिंह दांगी, आरक्षक रमाकान्त, देवेंद्रसिंह, रामूसिंह की सराहनीय भूमिका रही .

## मप्र तेलिक साहू सभा में नियुक्तियां







**उदयपुरा, 1 मार्च .** मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा में प्रदेश विवाह प्रकोष्ठ प्रभारी महेश साहू सुल्तानपुर को नियुक्त किया है . प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रामकुमार साहू रायसेन एवं हितेश साहू उदयपुरा को अतिरिक्त महासचिव नियुक्त किया गया है . उक्त नियुक्तियों पर समाजजनों में उत्साह का माहौल है . समाज के वरिष्ठजनों एंव पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी . यह पदाधिकारी समाज सेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं . उनकी कार्यशैली समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई . समाज की अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है

# पुलिस ने दुकानों का निरीक्षण कर देखे सुरक्षा के इंतजाम

▸ गैरतगंज में सराफा व्यापारी के यहां 40 लाख की चोरी के बाद एक्शन में पुलिस

**बेगमगंज, 1 मार्च. गैरतगंज में शनिवार को 4 अज्ञात शातिर महिला चोरों द्वारा एक सर्राफा व्यापारी की दुकान से 250 ग्राम सोने के आभूषण( 40 लाख ) चोरी कर ले जाने जाने की घटना के बाद जिले भर में पुलिस एक्शन में आ गई.**

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशासनुसार जिले भर में रविवार को पुलिस द्वारा सोने - चांदी के आभूषण विक्रेताओं एवं अन्य बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. पुलिस ने व्यापारियों को सजग रहने और स्वंय की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुशे व एसडीओपी सोनाली गुप्ता के मार्गदर्शन में थानाप्रभारी राजीव उइके ने पुलिसकर्मियों की टीम के साथ नगर के 17 सर्राफा व्यापारियों एवं 40 अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की चेकिंग की. पुलिस ने सुरक्षा के मापदंड देखे कि सीसीटीवी कैमरे लगे हैं या नहीं और लगे हैं तो उनकी फिक्चर क्वालिटी , स्टोर्स मेमोरी एवं रिकार्डिंग समय सीमा क्या है. किस क्वालिटी के कैमरे ओर डिवाइज लगे हैं. कैमरों की सही दिशा के साथ दुकानों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्था का बारीकी से जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरे चेक किए.

थाना प्रभारी राजीव उइके ने व्यापारियों को समझाइश देते हुए कहा कि अपने कीमती समान की सुरक्षा के लिए दुकान में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड का होना जरूरी है. इसके अतिरिक्त संदिग्ध महिलाओं एवं लोगों पर नजर रखने की सीख देते हुए कहा कि जरा सी लापरवाही किस प्रकार घातक सिद्ध हो सकती है . इसका ज्वलंत उदाहरण गैरतगंज की घटना है इसलिए सभी सतर्क और सजग रहे. ऐसी पुलिस प्रशासन की मंशा है ताकि आप चोरी एवं ठगी से बच सके. उन्होंने सर्राफा व्यापारियों एवं बड़े प्रतिष्ठानों के संचालकों को अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे दुकान के अंदर के साथ अतिरिक्त कैमरे बाहर दोनों तरफ लगाने की लिए कहा.

## कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

**बम्होरी.** ग्राम पड़रिया कला में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक हो रही है. कथा में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल ने कथा व्यास आराध्या त्रिवेदी को शाल-श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया. विधायक पटेल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि लाते हैं तथा समाज को नैतिकता और भक्ति मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं. कथा व्यास आराध्या त्रिवेदी ने कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं गोवर्धन पूजा एवं कंस वध की कथाओं का वर्णन किया.

# कार ने बाइक चालक को मारी टक्कर, घायल

## सलामतपुर में हुआ हादसा, कार चालक मौके से फरार

**सलामतपुर, 1 मार्च. सलामतपुर कस्बे में एक बार फिर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला. एक कार चालक ने पेट्रोल भरवाने जा रहे युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. टक्कर से बाइक चला रहा युवक दूर जा गिरा और घायल हो गया.**



कार चालक मौके से फरार हो गया. जानकारी मिलते ही सलामतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जानकारी अनुसार कस्बे में स्थित सिद्धेश्वरी पेट्रोल टैंक के सामने शनिवार देर रात मोटरसाइकिल से भूरा मीणा पिता मुंशीलाल मीणा 27 निवासी गोरिया खेड़ा जिला विदिशा खामखेड़ा से बेरखेड़ी चौराहे की और जा रहा था.

जैसे ही भूरा मीणा ने मोटरसाइकिल पेट्रोल भरवाने के लिए मोड़ी तो भोपाल की और से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी. टक्कर से भूरा मीणा में पैर में गंभीर चोटें आ गईं. बताया जा रहा है कि दोनों ही पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है.

### शीघ्र हो फोरलेन, तब आएगी हादसों में कमी

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं . सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को फोरलेन करने की मांग शासन से की है . गौरतलब है कि इस हाइवे पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं . जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है .

### इनका कहना है

पेट्रोल के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी . जिससे युवक के पैर में चोट आ गई . पुलिस ने जानकारी मिलते ही तत्काल घायल को इलाज के सांची सिविल अस्पताल भर्ती कराया है . किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नही कराई है .

**- दिनेश सिंह रघुवंशी,**
थाना प्रभारी सलामतपुर .

हाइवे को फोरलेन करने से हादसों में कमी आ सकती है . सड़क छोटी होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं . शासन प्रशासन से को इस ओर ध्यान देना चाहिए .

**- रघुवीर मीणा, राताताई, सरपंच**

हाइवे को फोरलेन करने से हादसों में कमी आ सकती है . सड़क की साइडों को भी रिपेयर करना चाहिए . इससे भी दोनों तरह 5-5 फीट जगह मिल सकती है . स्थानीय रहवासी काफी समय से शासन प्रशासन से हाइवे फोरलेन करने की मांग कर रहे हैं .

**हमजा जाफरी,**
पूर्व उपसरपंच सलामतपुर .

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**सिलवानी, 1 मार्च. ग्राम पठा में आयोजित शिव महापुराण कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पांडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा. कथा व्यास पं. शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने भगवान शिव के कल्याणकारी स्वरूप, सती-शिव प्रसंग एवं जल अर्पण के महत्व का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि शिव, राम और कृष्ण एक ही परम तत्व के विविध रूप हैं.**



शास्त्री जी ने कहा कि शिव-पार्वती का विवाह केवल दैवीय घटना नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है. सती-शिव कथा के माध्यम से समर्पण, श्रद्धा और अटूट विश्वास का संदेश दिया गया. उन्होंने बताया कि भगवान शिव बाहर नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के अंतर्मन में निवास करते हैं. मात्र एक लोटा जल अर्पित करने से भी महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों के कष्ट हर लेते हैं. .कथा के अंतिम दिन शिव बारात का जीवंत चित्रण किया गया, जिसमें भूत-प्रेतों एवं गणों के साथ भगवान शिव की अद्भुत बारात का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे. . इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल ने कथा व्यास पं. शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री का तिलक, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया.

# भूतेश्वर स्वरूप में बटेश्वर ने फाग खेला

**भोपाल, 1 मार्च.** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के द्वारा आयोजित 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का रविवार को मां पार्वती की विदाई एवं मंदिर में फाग उत्सव के साथ समापन हुआ. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि बड़वाले महादेव मंदिर परिसर में मां भवानी मंदिर समिति के अध्यक्ष आशीष सैनी की अगुवाई में श्रद्धालु मां भवानी की विदाई कराने पहुंचे. यहां स्वागत पूजन एवं आरती के बाद माता पार्वती की विदाई हुई. इसके बाद निकाली गई विदाई शोभायात्रा निकाली गई.

### गौ सेवा

▸ गायों के सामूहिक भोज के बाद शुरू हुईं शादी की रस्में, दहेज नहीं लिया

# गौ भक्त ने शादी से पहले कराया गौ पूजन और छप्पन भोग

**बेगमगंज, 1 मार्च. बेगमगंज निवासी 24 वर्षीय आयुष यादव ने बिना दहेज विवाह कर समाज में एक मिशाल पेश की. इसके अलावा विवाह समारोह से एक दिन पहले गायों के लिए अलग से भंडारा किया. आयुष के पिता अनिल यादव यादव महासभा रायसेन के जिलाध्यक्ष हैं. वे समाज में यह संदेश देना चाहते है कि बिना दहेज की शादी विवाह करें और गौ माता की सेवा को ही सर्वोपरि माने.**





विवाह स्थल पर बारात और मेहमानों के साथ-साथ गायों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई. छप्पन प्रकार के व्यंजनों से गाय को भोग लगाया. दूल्हा ने गौमाता की पूजा-अर्चना की और उन्हें गोग्रास खिलाया. इसके बाद रस्में शुरू हुई. आयुष पिछले सात साल से गौ सेवा के लिए समर्पित हैं. उन्होंने पूरे नगर में अपना मोबाइल नंबर दे रखा है, ताकि कहीं भी कोई आवारा या घायल मवेशी दिखे तो लोग तुरंत सूचना दे सकें. सूचना मिलते ही आयुष वहां पहुंच जाते हैं. घायल मवेशी का उपचार करते हैं. जरूरत पड़ने पर लोडिंग ऑटो से उसे घर ले आते हैं. घर पर पशु के आहार और उपचार की व्यवस्था करते हैं. स्वस्थ होने के बाद मवेशी को उसी स्थान पर छोड़ते हैं, जहां से उसे लाया गया था.

आयुष बताते हैं कि वे यह सेवा निजी खर्च पर करते हैं. लोग सहयोग की इच्छा जताते हैं. ऐसे में वे नगद राशि लेने से इनकार कर देते हैं. सिर्फ दवाइयां या भूसा ले लेते हैं. आयुष कहते हैं कि गौ सेवा से मन को सुकून मिलता है. गौ पूजन में वर वधू पक्ष के रिश्तेदारों सहित पूर्व सांसद लक्ष्मी नारायण यादव यादव, समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शेर सिंह यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

# बाइकों की भीषण भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## सागर रोड पर हुआ हादसा, एक की हालत गंभीर

**बेगमगंज, 1 मार्च. सागर रोड पर ग्राम सुमेर के पुल एवं सागोनी के बीच में शनिवार रात करीब 9 बजे दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत में दो अलग -अलग बाइक सवार अमर सिंह बंसल एवं विनीत रावत की दर्दनाक मौत हो गई. तीसरा युवक गंभीर स्थिति में सागर में भर्ती है.**

थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि सागर जिले के ग्राम सागोनी निवासी 40 वर्षीय अमर सिंह बंसल पिता सुखा बंसल अपनी बाइक से बेगमगंज से वापस घर सागोनी जा रहा था. दूसरी दिशा से तेजरफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए.

हादसे में एक बाइक पर सवार अमर सिंह बंसल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार 18 वर्षीय नितिन रावत पिता वृदावन रावत एवं उसका मित्र 20 वर्षीय मोनू कुर्मी पिता लीलाधर निवासी देवलापुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे.जिन्हें सागररेफर किया गया था.

उनमें से विनीत रावत की देर रात इलाज के दौरान सागर में मौत हो गई. डॉक्टर द्वारा बताया गया है कि युवक शराब के नशे में घुत थे. जिसके कारण दुर्घटना घटित हुई.

डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल नितिन रावत एवं मोनू कुर्मी को बेगमगंज सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया था लेकिन दोनों की स्थिति नाजुक होने के कारण सागर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था . मृतक अमर बंसल का रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया . जबकि विनीत रावत का पोस्टमार्टम सागर के मेडिकल कॉलेज में किया गया . पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है .